राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड

राज्य कृषि प्रबंध संस्थान परिसर, दुर्गापुरा, जयपुर–302018,फोन– 0141–2552796

प.1(36)RSSB / संस्था. / श्रमिक / 2024–25 / पार्ट– I / 889 दिनांक : 08.08.2024

–:कार्यालय आदेश:–

बोर्ड कार्यालय में आवश्यकतानुसार अकुशल श्रमिक उपलब्ध कराने हेतु खुली ई–निविदा सूचना संख्या 2024–25 / 07 पत्रांक 407 दिनांक 15.05.2024 को जारी की गई। निविदा में फर्म **मैं. प्रखर एजुकेशन एवड वेलफेयर सोयसायटी, 32 ए सुरेश नगर दुर्गापुरा, जयपुर** सफल रहीं। फर्म के साथ आवश्यकतानुसार अकुशल श्रमिक उपलब्ध कराने हेतु दिनांक 30.05.2024 से एक वर्ष के लिए अनुबंध किया।

बोर्ड द्वारा फर्म को दिनांक 01.06.2024 एवं 03.06.2024 को क्रमशः 15 एवं 10 अकुशल श्रमिक उपलब्ध कराने हेतु पत्र जारी किया गया। निविदा के नियम एवं शर्तो के अनुसार फर्म अकुशल श्रमिक उपलब्ध कराने में असमर्थ रही। अकुशल श्रमिक उपलब्ध नहीं होने के कारण दिनांक 04.06.2024 को पत्र जारी कर स्पष्टीकरण चाहा गया परन्तु फर्म द्वारा प्रस्तुत स्पष्टीकरण युक्ति–युक्त नही पाया गया।

निविदा एवं अनुबंध के नियम एवं शर्तो के अनुसार फर्म अकुशल श्रमिक उपलब्ध कराने में असमर्थ रही। अकुशल श्रमिक उपलब्ध नहीं होने के कारण परीक्षा संबंधित महत्वपूर्ण कार्य प्रतिकूल रूप से प्रभावित हुआ। जिससे परीक्षा के आयोजन से संबंधित तैयारी में बांधाएं उत्पन्न हुई एवं नवीन निविदा जारी की गई। जिससे बोर्ड / सरकार का वित्त एवं समय खराब हुआ।

अनुबंध की शर्त संख्या 15 के अनुसार कार्यादेश / निविदा की शर्तो का पालन नहीं करने के कारण कार्यादेश / अनुबंध निरस्त कर, कार्य सम्पादन राशि 10,000 / – डी.डी. / चैक क्रमांक 004638 दिनांक 30.05.2024 बंधन बैक के माध्यम से जमा राशि को जब्त (Forfeit) की गई।

अतः राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता अधिनियम की धारा 46 एवं अनुबंध की शर्त संख्या 17 के अन्तर्गत फर्म **मैं. प्रखर एजुकेशन एवड वेलफेयर सोयसायटी, 32 ए सुरेश नगर दुर्गापुरा, जयपुर** को राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, जयपुर की निविदा प्रक्रिया में भाग लेने हेतु 03 वर्ष की अवधि के लिए विवर्जित (Debar) किया जाता है।

यह सक्षम स्तर से अनुमोदित है।

(डॉ. बी.सी. बधाल)
सचिव

RajKaj Ref
9588263

Document certified by Bhag Chand Badhal <drbc1969@gmail.com>.

Digitally Signed by Bhag Chand Badhal
Designation : Secretary
Date :07-08-2024 09:59:42